an>

Title: Need to extend Train No. 64904 running between Delhi and Mathura upto Bharatpur, Rajasthan.

श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर के दैनिक यात्री एवं व्यापारी वर्ग जो प्रतिदिन दिल्ली आता जाता है, उनके लिए भरतपुर से दिल्ली के लिए कोई उपयुक्त ट्रेन नहीं है। भरतपुर संभाग मुख्यालय है। यहाँ से प्रतिदिन बहुत बड़ी संख्या में यात्री एवं व्यापारी दिल्ली के लिए आते-जाते हैं। भरतपुर का बयाना क्षेत्र पत्थर व्यवसाय का बहुत बड़ा व्यापारिक केन्द्र है तथा इस क्षेत्र में पान की खेती होती है एवं इसे प्रतिदिन दिल्ली बिक्री के लिए लाया जाता है, दिल्ली के लिए कोई उपयुक्त ट्रेन नहीं होने के कारण बहुत परेशानी होती है। भारतीय रेल द्वारा दिल्ली से सांय 5: 30 बजे चलकर ई.एम.यू. मथुरा शटल संख्या 64904 नियमित चलती है, जो मथुरा जंक्शन पर सांय 8:30 बजे पहुँचकर खड़ी हो जाती है। इस ट्रेन को भरतपुर जंक्शन तक चलाया जाए, जो मथुरा जंक्शन की जगह सांय 9: 00 बजे तक भरतपुर जंक्शन पहुँचकर रात्रि को भरतपुर जंक्शन पर ही खड़ी हो व सुबह 4: 30 बजे भरतपुर जंक्शन से चलकर मथुरा जंक्शन से अपने पूर्व निर्धारित समयानुसार रवाना हो सकती है। इस समय मथुरा-भरतपुर ट्रैक पर कोई गाड़ी नहीं होती है, जिससे कोई अन्य बदलाव नहीं करना पड़ेगा।

अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि ई.एम.यू. मथुरा शटल को भरतपुर जंक्शन तक चलाया जाए, जिससे विभाग को भी लाभ होगा व आम जनता की समस्या का भी समाधान हो सकेगा।